राज्य पेयजल एवं स्वच्छता मिशन

(नमामि गंगे तथा ग्रामीण जलापूर्ति विभाग)

उ0प्र0 जल निगम कम्पाउण्ड, 6—राणा प्रताप मार्ग, लखनऊ— 226001

पत्रांक: 2436/W-314/JJM-ISA/2020-21 दिनांक: 25 जनवरी, 2021

सेवा में,

जिलाधिकारी,
जनपद—जालौन,
उत्तर प्रदेश।

विषय—जल जीवन मिशन—"हर घर जल" के अन्तर्गत चयनित इम्प्लीमेन्टेशन सपोर्ट एजेन्सी (आई0एस0ए0) को जनपद आवंटित किये जाने विषयक।

महोदय,

अवगत कराना है कि भारत सरकार द्वारा क्रियान्वित जल जीवन मिशन—"हर घर जल" के अन्तर्गत प्रदेश की समस्त ग्रामीण बस्तियों को पाइप पेयजल योजनाओं के माध्यम से शुद्ध पेयजल आपूर्ति सुनिश्चित कराने एवं योजनाओं के कियान्वयन हेतु "इम्प्लीमेन्टेशन सपोर्ट एजेन्सी" (आई0एस0ए0) का चयन किया गया है। "इम्प्लीमेन्टेशन सपोर्ट एजेन्सी" (आई0एस0ए0) को इम्पैनल करते हुए 40 ग्राम पंचायतों का 01 क्लस्टर के आधार पर प्रति क्लस्टर न्यूनतम दर रू0 55,00,000/— (रूपये पचपन लाख मात्र) एवं देय जी0एस0टी0 पर जनपद आवंटन की कार्यवाही की गयी है।

जनपद— जालौन में कुल 04 "इम्प्लीमेन्टेशन सपोर्ट एजेन्सी" (आई0एस0ए0) का चयन करते हुए जनपद आवंटन किया गया है। "इम्प्लीमेन्टेशन सपोर्ट एजेन्सी" (आई0एस0ए0) का तकनीकी एवं वित्तीय मूल्यांकन में प्राप्त अंको एवं टर्नओवर के आधार पर कुल 03 केटेगरी A, B एवं C में विभाजन किया गया है जो कार्य क्षमता से सम्बन्धित है, यथा श्रेणी A की कार्य क्षमता श्रेणी B एवं श्रेणी C से अधिक है। इसी प्रकार श्रेणी B की कार्य क्षमता श्रेणी A से कम एवं श्रेणी C से अधिक है। तथा श्रेणी C की कार्य क्षमता श्रेणी A एवं श्रेणी B दोनो से कम है। तदनुसार कलस्टर आवंटन में उक्त का संज्ञान लिया जाना औचित्यपूर्ण होगा। जनपद—जालौन हेतु चयनित "इम्प्लीमेन्टेशन सपोर्ट एजेन्सी" (आई0एस0ए0) का विवरण एवं केटेगरी निम्नानुसार है:—

क्र0सं0	संस्था का नाम	केटेगरी
1	RAJASTHAN HUMAN CARE FOUNDATION	A
2	JAN KALYAN PARISHAD	A
3	SANCHAR SEWA SOCIETY	B
4	SOCIETY FOR ADVANCEMENT OF NATURAL GROWTH AND YOUTH ACTION NEED (SANGYAN)	C

अतः आपसे अनुरोध है कि उपरोक्त संस्थाओं से "जल जीवन मिशन" मार्ग—निर्देशिका के अनुसार कार्यवाही कराने का कष्ट करें।

भवदीय,

(सुरेन्द्र राम)
आई.ए.एस.
अधिशासी निदेशक

Scanned with OKEN Scanner